उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
संख्या-95/2017/3781/92-1-2017-31(अधि0)/2014,
लखनऊ: दिनांक: 31 अक्टूबर, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

तात्कालिक प्रभाव से श्री राम प्रकाश सिंह, मुख्य अभियंता (स्तर-2) को उनके वर्तमान पद के कर्तव्यों एवं दायित्वों के साथ-साथ शासन के अग्रिम आदेशों अथवा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के रिक्त पद पर नियमित तैनाती होने तक जो भी पहले हो, निदेशक एवं मुख्य अभियंता के पद के कर्तव्यों एवं दायित्वों का अतिरिक्त रूप से निर्वहन किये जाने हेतु एतद्द्वारा अधिकृत किया जाता है।

2- उक्त अतिरिक्त कार्यभार अत्यन्त अस्थाई प्रबन्धन व्यवस्था के अन्तर्गत है एवं उक्त अतिरिक्त कार्यभार हेतु श्री राम प्रकाश सिंह, मुख्य अभियंता (स्तर-2) को कोई अतिरिक्त वेतन भत्ता आदि देय नहीं होगा।

उक्त आदेश दिनांक 01-11-2017 से प्रभावी होगा।

मो0 इफ्तेखारूद्दीन
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-95/2017/3781(1)/92-1-2017, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- श्री राम प्रकाश सिंह, मुख्य अभियंता (स्तर-2), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि कृपया निदेशक एवं मुख्य अभियंता पद पर कार्यभार ग्रहण कर कार्यभार प्रमाणक की प्रति शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3- संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी/कोषाधिकारी।
4- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2
6- कम्प्यूटर अंकन प्रति।
7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अवध नारायण)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in